# 11. क्रियाविशेषण

जिस प्रकार विशेषण शब्द संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताते हैं। उसी प्रकार क्रियाविशेषण शब्द क्रिया की विशेषता बताते हैं। जो शब्द क्रिया की विशेषता बताए, उसे क्रियाविशेषण कहते हैं।

- ❖ शिक्षक/शिक्षिका बच्चों को क्रियाविशेषण शब्दों से अवगत करवाएँ।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर चित्र दिखाकर उससे संबंधित वाक्य पढ़वाएँ। उसमें दिए गए रंगीन शब्दों पर विशेष ध्यान देने के लिए कहें।
- ❖ बच्चों को क्रियाविशेषण की परिभाषा समझाएँ एवं उन्हें याद करवाएँ।
- ❖ बच्चों को बताएँ कि क्रियाविशेषण शब्दों के रूप में परिवर्तन नहीं होता।
- ❖ पाठ पृष्ठ पर क्रियाविशेषण शब्दों की पहचान करवाएँ।
- ❖ यह सुनिश्चित करें कि बच्चों को इसके बारे में सही से समझ आया है या नहीं।
- ❖ दिए गए अभ्यास को करवाएँ।